श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप बैठें। ...(व्यवधान)... इसी मुद्दे पर आप मोशन लाएं नियमानुसार तो आपको मौका दिया जायेगा बोलने का ...(व्यवधान)... व्यवस्था दी जायेगी ...(व्यवधान)...

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : xxx

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : पहले में और इसमें बहुत फर्क पड़ गया है ...(व्यवधान)...

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : xxx

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक) : xxx

श्री जुबेर खान (रामगढ़) : xxx

डा. बुलाकीदास कल्ला (बीकानेर) : xxx

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : xxx

श्री जोगाराम पटेल (संसदीय सचिव) : xxx

श्री रघुवीर सिंह मीणा (सराड़ा) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : ...(व्यवधान)... माननीय सदस्य, विराजें आप पहले ...(व्यवधान)... बोलने का मौका आयेगा उस समय बोल लेना ...(व्यवधान)...

डा. बुलाकीदास कल्ला (बीकानेर) : xxx

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक) : xxx

डा. दिगम्बर सिंह (उद्योग मंत्री) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : श्री शान्तिलाल चपलोत। (व्यवधान) मोशन लेकर आएं, नियमानुसार लेकर आएं मोशन। (व्यवधान)

श्री जुबेर खान (रामगढ़) : xxx

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : मौका दिया जायेगा। (व्यवधान)

श्री अमराराम चौधरी (राज्य मंत्री, गृह) : xxx

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक) : xxx

श्री नन्दलाल बंशीवाल (दौसा) : xxx

श्री शांतिलाल चपलोत (मावली) : उपाध्यक्ष महोदय ...(व्यवधान)... सदन को सम्बोधित किया ...(व्यवधान)... सभी विधायक उनका सम्मान करते हैं ...(व्यवधान)... ऐसे समय में आकर के मार्गदर्शन किया। (व्यवधान)

श्री नन्दलाल बंशीवाल (दौसा) : xxx

श्री शांतिलाल चपलोत (मावली) : उपाध्यक्ष महोदय, सरकार ने लोक कल्याणकारी ...(व्यवधान)...

श्री नन्दलाल बंशीवाल (दौसा) : xxx

श्रीमती ममता शर्मा (बूंदी) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, अब स्थान ग्रहण कीजिए, नेता प्रतिपक्ष बोल रहे हैं। (व्यवधान)

श्री नन्दलाल बंशीवाल (दौसा) : xxx

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : नेता प्रतिपक्ष बोल रहे हैं, आप अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : उपाध्यक्ष महोदय, विधान सभा के अन्दर यह पूर्व में भी प्रश्न हमारी पार्टी के माननीय सदस्यों ने ही उठाया कि संसदीय सचिव मंत्री ...(व्यवधान)...

श्री उपाध्यक्ष : बीच में टोका-टाकी नहीं। माननीय सदस्य, टोका-टाकी नहीं।

श्री नन्दलाल बंशीवाल (दौसा) : आप तो कह दो एस.सी. विरोधी हो आप लोग। आप कहो, बोलो आप, एस.सी. विरोधी हो।

एक माननीय सदस्य : बोलने की जरूरत नहीं है ...(व्यवधान)...

श्री नन्दलाल बंशीवाल (दौसा) : बोलो आप।

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप स्थान ग्रहण करें।

श्री नन्दलाल बंशीवाल (दौसा) : आप तो कह दो आप शिड्यूल्ड कास्ट विरोधी हो, बोल दो आप।

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य। (व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : हमारी पार्टी के माननीय सदस्य ने अध्यक्षजी के समक्ष यह प्रश्न उठाया, विधान सभा में, तो अध्यक्षजी ने यह व्यवस्था दी कि संसदीय सचिव है वो मंत्री है और मंत्री की हैसियत से विधान सभा के अन्दर बिल पायलेट कर सकता है, केवल जवाब ही नहीं, विधान सभा के अन्दर बिल पायलेट कर सकता है। तो फिर मंत्री है और यह व्यवस्था अध्यक्ष जी द्वारा दी जा चुकी है, जब व्यवस्था अध्यक्षजी द्वारा यह दी जा चुकी है, यह विधान सभा के कार्य एवं संचालन सम्बन्धी जो नियम हैं, इसमें जो परिभाषा दी है उसमें पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी को मंत्री माना है और उसी के आधार पर अध्यक्षजी ने व्यवस्था दी है, इन नियमों को ही तो आधार मान कर व्यवस्था है, इन नियमों के हिसाब से ही व्यवस्था दी है।

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक) : कौनसा क्लाज है वो?

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : यह क्लाज दो जो डेफिनेशन दी है उसमें ए डिप्टी मिनिस्टर और ए पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी ...(व्यवधान)...

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक) : कौनसे में है, बताओ।

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : यह पढ़ कर सुना दूं आपको, कोई बात नहीं। नहीं, नहीं, आप समझते हो कौनसा क्लाज है, यह भी मेरे को मालूम नहीं है ...(व्यवधान)...

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : नहीं, उपाध्यक्ष महोदय, जब डिबेट आपने ओपन करी फिर हम भी जवाब देंगे, हमें भी बोलने का मौका देना। ...(व्यवधान)... अगर डिबेट चालू हो गयी है तो फिर हमें भी बोलने का मौका दें आप। ...(व्यवधान)... उपाध्यक्ष महोदय, अगर आपने डिबेट प्रारम्भ कर दी है तो ...(व्यवधान)...

अनेक माननीय सदस्य : नो, नो।

डा. बुलाकीदास कल्ला (बीकानेर) : आसन को गाइड मत करो आप। (व्यवधान)... आप आसन को गाइड नहीं कर सकते। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरी प्रार्थना है कि यदि डिबेट आपने ओपन कर दी है, आसन की व्यवस्था सर्वोपरि है।

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने की अनुमति दी है अब यह बीच में व्यवधान पैदा कर रहे हैं, सदन यह चलने देना नहीं चाहते। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : आसन ने जो व्यवस्था दे दी, अगर प्रतिपक्ष के नेता उसकी विवेचना कर रहे हैं तो ...(व्यवधान)...

एक माननीय सदस्य : राठौड़ी नहीं चलेगी, राठौड़ी नहीं चलेगी। ...(व्यवधान)...

डा. बुलाकीदास कल्ला (बीकानेर) : आप आसन को गाइड न करें।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, इस सदन के अन्दर इसका रिकार्ड स्ट्रेट रहे, इसमें हम भी चाहते हैं अगर प्रतिपक्ष के नेता ने बहस चालू कर दी है तो उत्तर देने का हमें कोई समय भी मिले। (व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला (बीकानेर) : दें न आप, आपको कौन रोकता है। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : इनकी पूरी बात सुनें आप, हमें कोई ऐतराज नहीं, प्रतिपक्ष के नेता की पूरी बात सुनें आप।

एक माननीय सदस्य : अजी, आप तो बैठ जाओ। ...(व्यवधान)...

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : उसका उत्तर देने के लिए मेरी यह आसन से प्रार्थना है कि हम भी अपनी बात कहना चाहेंगे, हमें भी मौका दिया जाए।

डा. बुलाकीदास कल्ला (बीकानेर) : हां, कहो न, आपको कौन रोकता है, आप बीच में व्यवधान नहीं करें।

मोहम्मद माहिर आजाद (नगर) : आप बीच में खड़े क्यों हुए? ...(व्यवधान)

श्री गोविन्द राम मेघवाल (संसदीय सचिव) : जब हमारे मंत्री महोदय कह रहे हैं कि अगर बहस चालू कर रहे हैं तो हमें भी समय दिया जाए तो समय दिलाया जाए। क्या दिक्कत है इसमें, फिर सारे के सारे, सभी क्यों खड़े हो रहे हैं? (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : आप सुनते क्यों नहीं हो?

श्री गोविन्द राम मेघवाल (संसदीय सचिव) : पहले आप बोल लो फिर हमारे मंत्रीजी जवाब देंगे उस बात का, इसमें हल्ला करने की जरूरत क्या है। (व्यवधान)

श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली) : उपाध्यक्ष महोदय ...(व्यवधान)...

श्री गोविन्द राम मेघवाल (संसदीय सचिव) : हरिमोहनजी, बीच में आप क्या बोलते हैं, पता ही नहीं चलता। (व्यवधान)

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : स्पीकर की रूलिंग पर कोई डिबेट नहीं हो सकती...(व्यवधान) कोई डिबेट नहीं हो सकती स्पीकर की रूलिंग के ऊपर... (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : यह सदन इनकी बपौती नहीं है, उपाध्यक्ष महोदय...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : नो, नो। इसमें डिबेट नहीं होगी। (व्यवधान)

श्री गोविन्द राम मेघवाल (संसदीय सचिव) : आपके नेता बोल रहे हैं न, बोलने दो इनको, बाद में राजेन्द्रजी राठौड़ ...(व्यवधान)... मंत्री जवाब दे देंगे, क्या दिक्कत है?

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : आप अपना ज्ञानवर्धन कर लें, सचेतक महोदय। (व्यवधान)

श्री घनश्याम तिवाड़ी (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, अगर इस विषय पर डिबेट शुरू हो रही है तो .....

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : कोई डिबेट नहीं हो सकती। स्पीकर की रूलिंग के ऊपर कोई डिबेट नहीं हो सकती।

श्री घनश्याम तिवाड़ी (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री) : अगर आप डिबेट करेंगे और हमको अलाउ नहीं करेंगे तो ...(व्यवधान) इनको भी नहीं सुनेंगे।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : स्पीकर की रूलिंग पर कोई डिबेट नहीं हो सकती, स्पीकर सुप्रीम है, कोई डिबेट उनकी रूलिंग पर नहीं हो सकती। ये क्या प्वाइंट रख रहे हैं।

श्री घनश्याम तिवाड़ी (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री) : अध्यक्ष की व्यवस्था पर चर्चा हो रही है तो उस चर्चा में हम भी पार्टीसिपेट करेंगे।

श्री जुबेर खान (रामगढ़) : कोई डिबेट नहीं हो सकती, कोई अलाऊ नहीं कर सकता डिबेट स्पीकर की रूलिंग के ऊपर।

श्री रामप्रताप कासनिया (पीलीबंगा) : दो रोज से डिबेट हो रही है और कह रहे हैं डिबेट नहीं हो सकती।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : ऑनरेबल लॉ मिनिस्टर, स्पीकर की रूलिंग पर कोई डिबेट नहीं हो सकती ...(व्यवधान) Nobody can allow. Nobody can allow debate on the ruling of the Hon'ble Speaker.

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : फिर क्यों कर रहे हो, फिर क्यों कर रहे हो?

श्री घनश्याम तिवाड़ी (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री) : स्पीकर की रूलिंग के ऊपर अगर डिबेट नहीं हो सकती तो ...(व्यवधान) बंद करो इसको।

एक माननीय सदस्य : फिर आप नहीं बोल सकते, फिर इनको चुप कराओ।

डा. दिगम्बर सिंह (उद्योग मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, क्या आपने डिबेट शुरू करा दी है?

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने की अनुमति दी है।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : स्पीकर की रूलिंग पर कोई डिबेट नहीं हो सकती ...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : सिर्फ प्रतिपक्ष के नेता को बोलने का अधिकार नहीं है ...(व्यवधान)

श्री टीकम चन्द कान्त (सिवाना) : उपाध्यक्ष महोदय, इस बात की आप रूलिंग दे सकते हैं क्या इस विषय पर डिबेट करें या न करें ...(व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, आसन पर अभी आप हैं और इस विषय पर डिबेट की जा सकती है या नहीं, आप रूलिंग दें।

श्री हेमाराम चौधरी (नेता प्रतिपक्ष) : कोई बोलना चाहे उनको तो बोलने नहीं दें ...(व्यवधान)

श्री जोगाराम पटेल (संसदीय सचिव) : पहले तय करो डिबेट होगी कि नहीं होगी।

श्री टीकम चन्द कान्त (सिवाना) : आप रूलिंग दें कि क्या हम डिबेट शुरू करें। हम डिबेट शुरू करें कि नहीं करें इस पर रूलिंग फरमाएं आप। ...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : नेता प्रतिपक्ष क्या मुद्दा उठाना चाहते हैं इनको कहने तो दीजिए।

श्री टीकम चन्द कान्त (सिवाना) : उस मुद्दे का जवाब भी तो होगा ना।

श्री उपाध्यक्ष : जवाब होगा तो जवाब के लिए ......

डा. दिगम्बर सिंह (उद्योग मंत्री) : इनका मुद्दा साफ है यह अपनी बात कहकर सदन से भागेंगे । हम चाहते हैं ...(व्यवधान) पूरी बहस कराना चाहते हैं ...(व्यवधान)

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : स्पीकर की रूलिंग को यह चेंज नहीं कर सकते।

श्री टीकम चन्द कान्त (सिवाना) : आसन पर अगर चेयरमैन भी बैठे हैं तो भी रूलिंग होती है, सभापति होता है तो भी रूलिंग उसकी चलती है, व्यवस्था उसकी चलती है, आसन की होती है व्यवस्था। ...(व्यवधान)

डा. दिगम्बर सिंह (उद्योग मंत्री) : या तो हमारी बात सुनकर जाएं ... (व्यवधान)

श्री टीकम चन्द कान्त (सिवाना) : व्यवस्था किसी की नहीं व्यवस्था आसन की होती है ...(व्यवधान) चेयर पर जो भी हो उसकी व्यवस्था होती है। व्यवस्था आसन की होती है, यह व्यवस्था उनको बुलाओ, उनको बुलाओ नहीं चल सकता ...(व्यवधान)

श्री जोगाराम पटेल (संसदीय सचिव) : नहीं बोल सकते।

डा. दिगम्बर सिंह (उद्योग मंत्री) : हम तो आपको न्योता दे रहे हैं ... (व्यवधान)

श्री जोगाराम पटेल (संसदीय सचिव) : व्यवस्था होती है तो ही बोलेंगे। अगर डिबेट नहीं होती है तो आपको यह बात रखने का अधिकार ही नहीं है। आप डिबेट करा दीजिए।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : स्पीकर की रूलिंग पर कोई डिबेट नहीं हो सकती ...(व्यवधान) कोई डिबेट नहीं हो सकती and Deputy Speaker cannot change Hon'ble Speaker's ruling. Can't change.

श्री जोगाराम पटेल (संसदीय सचिव) : यह आपका नहीं है विषय।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : आपका नहीं है क्या होता है, स्पीकर सुप्रीम है ...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : अभी यह पूर्णतया अध्यक्ष के रूप में हैं।

श्री हेमाराम चौधरी (नेता प्रतिपक्ष) : 'Minister' means a member of the Council of Minister, a Minister of State, a Deputy Minister or a Parliamentary Secretary."

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : बहस नहीं हो सकती तो सदन में क्यों उठा रहे हो, अगर बहस नहीं हो सकती तो सदन में क्या उठा रहे हो? ...(व्यवधान)

श्री टीकम चन्द कान्त (सिवाना) : व्यवस्थाएं और रूलिंग सारी की सारी आसन की होती हैं।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, सिरोही से आने वाले माननीय सदस्य कह रहे हैं कि स्पीकर की रूलिंग पर बहस नहीं हो सकती फिर किस बात पर बहस कर रहे हैं ये? एक तरफ कह रहे हैं स्पीकर की रूलिंग पर बहस नहीं हो सकती और दूसरी तरफ कह रहे हैं बहस उठा रहे हैं। अगर यह उठा रहे हैं तो जवाब देने का अधिकार हमें भी है, हमें भी मौका दिया जाये।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : नहीं, नहीं, नहीं दे सकते ...(व्यवधान) स्पीकर की रूलिंग पर आप कोई भी जवाब नहीं दे सकते।

श्री गोविन्द राम मेघवाल (संसदीय सचिव) : आप अपने नेता को बताइये ना फिर क्यों बोल रहे हैं ...(व्यवधान)

श्री जोगाराम पटेल (संसदीय सचिव) : फिर क्यों बोल रहे हैं ...(व्यवधान) आप अपने नेता को बताइये ना। फिर तो हमको भी बोलने का अधिकार है, जवाब कौन देगा ...(व्यवधान)

श्री टीकम चन्द कान्त (सिवाना) : उपाध्यक्ष महोदय, प्रत्येक नियम के अन्दर एक भाव और भी होता है मूल भाव प्रत्येक नियम के अन्दर और इस रूलिंग का मूल भाव क्या है इस पर बहस होनी चाहिए ...(व्यवधान) मूल भाव क्या है। मैं यह नहीं कहता कि स्पीकर की रूलिंग को समाप्त किया जाय, मैं यह कह रहा हूं कि स्पीकर की रूलिंग का मूल भाव क्या है। जैसा कि विरोधी दल के नेता महोदय कह रहे थे, आप लोगों ने एक प्रश्न किया था, इधर से एक प्रश्न हुआ था, वह यह हुआ था कि संसदीय सचिव प्रश्नों के जवाब या कार्य कर सकते हैं या नहीं, यह एक था और इस पर जो रूलिंग थी और इस प्रकार से जो भाव इसके अन्दर रहे उस पर बहस होनी चाहिए ...(व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला (बीकानेर) : उपाध्यक्ष महोदय, सदन को नियंत्रित कीजिए ...(व्यवधान) आप सदन की परम्पराओं को ...(व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : आपने मुझे बोलने की अनुमति प्रदान की, आपकी अनुमति से मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ।

श्री जोगाराम पटेल (संसदीय सचिव) : हमको अनुमति है कि नहीं?

श्री लक्ष्मीनारायण दवे (खनिज मंत्री) : क्या माननीय उपाध्यक्ष महोदय, प्रतिपक्ष के नेता महोदय को ....(व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : मैं आपकी अनुमति से खड़ा नहीं हुआ हूं, मैं उपाध्यक्ष महोदय की अनुमति से बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

श्री उपाध्यक्ष : बोलने की अनुमति दी है, यह क्या बोलना चाहते हैं ...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : हमको अनुमति है कि नहीं?

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : आप बहुमत में हैं, आप सत्ता में हैं इसलिए आप बोलने से रोक रहे हैं, यह प्रजातंत्र का हनन है।

डा. दिगम्बर सिंह (उद्योग मंत्री) : हम नहीं रोक रहे हैं, आपको रोक रहे हैं आपकी पार्टी के लोग, हम नहीं रोक रहे हैं, आपकी पार्टी के लोग रोक रहे हैं।

श्री हेमाराम चौधरी (नेता प्रतिपक्ष) : बोलने की अनुमति मुझे दी जा रही है ...(व्यवधान)

श्री कालूलाल गुर्जर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री) : पहले यह बहस करने की परमीशन लें उसके बाद बहस करवाएं ...(व्यवधान) नहीं तो फिर यह सुनेंगे नहीं दूसरों की ।

डा. दिगम्बर सिंह (उद्योग मंत्री) : आपके सदस्य रोक रहे हैं वह कह रहे हैं कि इस पर बहस नहीं हो सकती ...(व्यवधान) और अगर आसन से अनुमति है बहस की तो ...(व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता प्रतिपक्ष) : हाउस को आप आर्डर में नहीं लाना चाहते हैं ...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : आपके सदस्य रोक रहे हैं आपको बोलने से।

श्री हेमाराम चौधरी (नेता प्रतिपक्ष) : आप गलती को छिपाने के लिए हाउस को आर्डर में नहीं लाना चाहते।

श्री उपाध्यक्ष : नेता प्रतिपक्ष क्या कहना चाहते हैं, इनको कहने दीजिए।

श्री गोविन्द राम मेघवाल (संसदीय सचिव) : अगर डिबेट होगी तो फिर हमारे लोग जवाब देंगे। ...(व्यवधान)

डा. भंवरलाल राजपुरोहित (मकराना) : उपाध्यक्ष महोदय, प्रतिपक्ष के नेता बोलेंगे तो पहले व्यवस्था दीजिए, हम भी बोलेंगे।

श्री लक्ष्मीनारायण दवे (खनिज मंत्री) : प्रतिपक्ष के नेता अपनी बात रखते हैं तो हमें भी बोलने का मौका दीजिए। ...(व्यवधान) अगर यह बोल रहे हैं तो हमें भी मौका दीजिए।

श्री सी. डी. देवल (रायपुर) : हमें भी बोलने का मौका देंगे, यह व्यवस्था दें, उपाध्यक्ष महोदय, यह व्यवस्था दें आप। ...(व्यवधान) अगर यह बोलेंगे तो हमें भी अलाऊ करेंगे।

डा. भंवरलाल राजपुरोहित (मकराना) : उपाध्यक्ष महोदय, इनके बोलने के बाद, आप यह व्यवस्था दें कि वापस हम भी बोलें, हमको भी मौका मिलना चाहिए। ...(व्यवधान)

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : उपाध्यक्ष महोदय, इण्डस्ट्री मिनिस्टर बार-बार मेरी तरफ अंगुली कर रहे हैं, यह अनपार्लियामैंट्री है, आप प्रोटक्शन दीजिए मेरे को, यह बार-बार अंगुली कर रहे हैं मेरी तरफ, यह अनपार्लियामैंट्री है। ऐसे नहीं कर सकते यह क्या तरीका है, आप धमका रहे हो क्या हमको?

श्री जोगाराम पटेल (संसदीय सचिव) : यह अंगुली बहुत इम्पार्टेंट है, यह अंगुली बहुत महत्वपूर्ण है।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : इस तरीके से हाउस के मैम्बर की तरफ बार बार अंगुली करना अनपार्लियामैंट्री है।

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक) : यह मंत्री जी के और आपके बीच की बात है।

एक माननीय सदस्य : कुछ न कुछ देखकर ही अंगुली की है।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : पार्लियामैंटरी ट्रेडिशन क्या होती है, चार साल हो गये इनको मंत्री बने हुए। उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री बने हुए चार साल हो गये हैं थोड़ा पार्लियामैंटरी ट्रेडिशन सिखाइये आप।

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक) : उपाध्यक्ष महोदय, यह इनके और संयम लोढ़ा जी के बीच की बात है।

डा. दिगम्बर सिंह (उद्योग मंत्री) : संयम जी, अभी तक तो मैं आपकी तरफ अंगुली कर रहा था केवल ...(व्यवधान)

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : आप थोड़ा पार्लियामैंटरी ट्रेडिशन को फालो कराएं। इस तरीके से आप अंगुली करते हैं एक मिनिस्टर होकर के यह अच्छी बात नहीं है।

श्री जोगाराम पटेल (संसदीय सचिव) : गलत है यह कहां पे की अंगुली ?

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : अंगुली कहां पर की है? बताइये अंगुली किस जगह पर की है ...(व्यवधान) यह जांच का विषय है।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : पूरा राजस्थान देख रहा है, आप इस तरीके से हाउस के अन्दर मेरे को धमकाने की कोशिश कर रहे हैं।

श्री जोगाराम पटेल (संसदीय सचिव) : पहले अंगुली कहां की यह तय करो, पहले किधर की गयी है ...(व्यवधान)

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक) : यह रांग नम्बर डायल कर रहे हैं।

श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली) : अंगुली की बात कर रहे हो आप, चालीस आदमी मरवा दिये ...(व्यवधान) चालीस पचास आदमी मरवा दिये हैं। यह गोलियां चलाने वाली सरकार है, अंगुली के लिए तो संयम जी माफ करो।

श्री कनकमल कटारा (महिला एवं बाल विकास मंत्री) : यह सदन है अपना स्तर मत गिराओ। उपाध्यक्ष महोदय, यह अपना स्तर नहीं गिराएं, हाउस चलने दीजिए।

डा. दिगम्बर सिंह (उद्योग मंत्री) : अभी तो अंगुली से ही डरे हो, आगे की बात तो अभी आपको पता ही नहीं है।

श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली) : आपकी गोलियों से पचास आदमी मारे तो भी नहीं डर रहे हैं। यह तो केवल आपको बहला रहे हैं। चालीस पचास आदमी मार दिये आपकी सरकार ने और उसके बाद आप हंस रहे हो ...(व्यवधान) ना गोलियों से न आपकी बदले की भावना से डरेंगे ...(व्यवधान)

श्री कालूलाल गुर्जर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री) : हरिमोहन जी, आपने कितने लोग मारे, यह पता है कि नहीं है आपको ...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : स्थान ग्रहण कीजिए।

श्री गोविन्द राम मेघवाल (संसदीय सचिव) : इस देश का पूरे का भट्ठा बैठा दिया, उलटा उलाहना हम लोगों को दे रहे हो आप। ...(व्यवधान)

डा. भंवरलाल राजपुरोहित (मकराना) : हाउस का समय बरबाद नहीं किया जाना चाहिए। कार्यवाही शुरू करवाएं आप, समय बरबाद हो रहा है, हाउस का कीमती समय बरबाद नहीं किया जाना चाहिए और डिबेट शुरू होनी चाहिए ...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : स्थान ग्रहण कीजिए, स्थान ग्रहण कीजिए।

श्री गोविन्द राम मेघवाल (संसदीय सचिव) : उपाध्यक्ष महोदय, आज भी किसान रो रहा है, दलित रो रहा है इस पार्टी के लिए। सबसे ज्यादा राज इन्होंने किया है और गोलियों का आरोप हमारे पर लगा रहे हैं ...(व्यवधान) महाराष्ट्र में मर गये, जिन लोगों ने आपको राज में रखा वह रो रहे हैं, आज वह झोंपड़ों में बैठे रो रहे हैं उनको कोई सुविधा नहीं दी। ...(व्यवधान)

श्री बद्रीलाल जाट (कपासन) : जिन लोगों ने आपको राज में रखा वह रो रहे हैं आज। वह झोपड़ियों में बैठे रो रहे हैं। उनको कोई सुविधा नहीं दी.. (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आप सभी नहीं बोलेंगे...(व्यवधान)

श्री गोविन्द राम मेघवाल (संसदीय सचिव) : पश्चिमी बंगाल में गोलियां चलायी आप कुछ नहीं बोले। आपके सहयोगी सी.पी.एम. ने वहां गोलियां चलवायीं नन्दीग्राम में ...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : अंकित नहीं हो। बीच में मत करें ....(व्यवधान)

श्री गोविन्द राम मेघवाल (संसदीय सचिव) : xxx

श्री श्रवणकुमार (पिलानी) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप स्थान ग्रहण कीजिए। माननीय सदस्य, आप स्थान ग्रहण कीजिए, यह बोल रहे हैं...(व्यवधान)

श्री श्रवणकुमार (पिलानी) : xxx

श्री गोविन्द राम मेघवाल (संसदीय सचिव) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : बीच में नहीं बोलते हैं...(व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता प्रतिपक्ष) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने की अनुमति प्रदान की उसका मैं आपको धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। मैंने..(व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : xxx

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : बोलने की अनुमति प्रदान की है..(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : क्या कहना चाहते हैं ? क्या कहना चाहते हैं आप ?

श्री लक्ष्मीनारायण दवे (खनिज मंत्री) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : बोलने की किस बात पर अनुमति दी है, कोई कहना चाहते हैं बात आने दो..(व्यवधान)

श्री जोगाराम पटेल (संसदीय सचिव) : xxx

श्री कालीचरण सर्राफ (शिक्षा मंत्री) : xxx

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : मैंने डिबेट प्रारम्भ नहीं की..(व्यवधान)

श्री लक्ष्मीनारायण दवे (खनिज मंत्री) : xxx

श्री कालीचरण सर्राफ (शिक्षा मंत्री) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : बजट डिबेट..(व्यवधान)

श्री लक्ष्मीनारायण दवे (खनिज मंत्री) : xxx

श्रीमती ममता शर्मा (बूंदी) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : क्या कहना चाहते हैं बोलने से ही पता चलेगा।

श्री लक्ष्मीनारायण दवे (खनिज मंत्री) : xxx

श्रीमती ममता शर्मा (बूंदी) : xxx

श्री रघुवीर सिंह मीणा (सराड़ा) : xxx

श्री लक्ष्मीनारायण दवे (खनिज मंत्री) : xxx

श्रीमती ममता शर्मा (बूंदी) : xxx

श्री रघुवीर सिंह मीणा (सराड़ा) : xxx

श्री सी. डी. देवल (रायपुर) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य..(व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता प्रतिपक्ष) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने की अनुमति प्रदान की इसको यह सत्ता पक्ष चेलेन्ज कर रहा है.. (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : हां, बोलने की..(व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : मतलब इनके कोई बात गले उतर ही नहीं रही है। यह तो चाहते हैं जैसा हम चाहें वैसे ही इस हाउस में होना चाहिये। इसके सिवाय कुछ नहीं होना चाहिये। आपकी व्यवस्था को यह माने नहीं..(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : किस बात पर...(व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : आपने मुझे बोलने की अनुमति दी। मैं क्या बोलता, क्या नहीं बोलता..(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : हां, आप पहले सुन लीजिये मेरी बात। मेरी किसी मुद्दे पर बोलने की स्वीकृति नहीं है। आप किस बात पर बोलना चाहते हैं आप कहेंगे उसके बाद मैं व्यवस्था दूंगा...(व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : मैं कोई मुद्दे पर चर्चा के लिए खड़ा नहीं हुआ हूं..(व्यवधान)

श्री लक्ष्मीनारायण दवे (खनिज मंत्री) : xxx

श्री कालूलाल गुर्जर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री) : xxx

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : मैं माननीय उपाध्यक्ष महोदय, यह निवेदन करना चाह रहा..(व्यवधान)

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : फिर आप बीच में..(व्यवधान)

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : xxx

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, ...(व्यवधान)

डा. भंवरलाल राजपुरोहित (मकराना) : xxx

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : आपने मुझे बोलने की अनुमति तो दी है ना ... (व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी (जैसलमेर) : xxx

श्री कालूलाल गुर्जर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री) : xxx

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : आज प्रतिपक्ष के नेता को भी बोलने की यहां ... (व्यवधान) एक शब्द आप बोलने नहीं दे रहे हैं तो फिर यह हाउस कैसे चलेगा। आप कोई तरीका तो बताओ ... (व्यवधान)

श्री कालीचरण सर्राफ (शिक्षा मंत्री) : xxx

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से बोल रहा हूं और आपसे ही निवेदन कर रहा हूं। इनसे यह बीच-बीच में खड़े हुए ... (व्यवधान) मैं बोलना शुरू करूं यह चुप हो तो बोलना शुरू करूं। नहीं तो मैं क्या बोलूं ? क्या बात करूं ? अपनी बात कहूं, इनको आप चुप तो करें ... (व्यवधान)

श्री कालूलाल गुर्जर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : थोड़ा शांति ... (व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : बोलूंगा जब विषय आयेगा ना। बोलने ही नहीं दोगे तो क्या आयेगा ? ... (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : थोड़ा सुनिये-सुनिये। ... (व्यवधान)

श्री कालूलाल गुर्जर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री) : xxx

श्री कालीचरण सर्राफ (शिक्षा मंत्री) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : कहने दीजिये इनको ... (व्यवधान) माननीय सदस्य ... (व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि अध्यक्ष की जो व्यवस्था पूर्व में दी गयी वह यह व्यवस्था दी गयी ... (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : नहीं, किस बात पर दी है, क्या बात है, आप इस पर ... (व्यवधान) तो बताइये आप ... (व्यवधान)

श्री लक्ष्मीनारायण दवे (वन एवं पर्यावरण मंत्री) : xxx

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : मैं वही तो निवेदन कर रहा हूं। पूर्व में जो व्यवस्था दी गयी वह यह व्यवस्था दी गयी कि संसदीय सचिव मंत्रिपरिषद् में शामिल हैं और वह बिल पायलट कर सकता है सरकार की तरफ से और उसको मंत्री माना है। यह अध्यक्ष की व्यवस्था है। अध्यक्ष की व्यवस्था को यह माने नहीं, मखौल उड़ाएं उसका और मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं ... (व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी (जैसलमेर) : xxx

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : xxx

डा. भंवरलाल राजपुरोहित (मकराना) : xxx

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : शांति रखिये ... (व्यवधान) माननीय शांति रखिये ... (व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, इनको मालूम है कि यह गलती पर हैं। इनकी गलती सामने आ जायेगी। बोलने पर उजागर हो जायेगी। इनके चोर की दाढ़ी में तिनका है। इनको पता है यह

(श्री हेमाराम चौधरी)

गलती पर हैं और चोर की दाढ़ी में तिनका है इसलिये यह बोलने नहीं देते। बोलने नहीं देंगे तो इनकी बात उजागर नहीं होगी। इनकी गलती सामने नहीं आयेगी और यह ... (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : xxx

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : xxx

डा. भंवरलाल राजपुरोहित (मकराना) : xxx

श्री सांगसिंह भाटी (जैसलमेर) : xxx

श्री जुबेर खान (रामगढ़) : xxx

श्री कालूलाल गुर्जर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री) : xxx

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : अध्यक्ष की जो व्यवस्था पूर्व में सदन में दी जा चुकी है ... (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य ... (व्यवधान)

श्री कालूलाल गुर्जर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री) : xxx

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष) : उस व्यवस्था की पालना करें आप ... (व्यवधान)

डा. भंवरलाल राजपुरोहित (मकराना) : xxx

श्री कालूलाल गुर्जर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री) : xxx

श्रीमती ममता शर्मा (बूंदी) : xxx

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : xxx

श्री सांगसिंह भाटी (जैसलमेर) : xxx

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : अंकित नहीं हो रहा है। अंकित नहीं हो। ... (व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी (जैसलमेर) : xxx

डा. भंवरलाल राजपुरोहित (मकराना) : xxx

श्री बद्रीलाल जाट (कपासन) : xxx

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : xxx

श्री लक्ष्मीनारायण दवे (खनिज मंत्री) : xxx

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य ... (व्यवधान) आप नहीं चलाना चाहते हाउस। आप हाउस चलाने में इंट्रस्टेड नहीं हैं।

सदन की बैठक कल सुबह 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 14.28 बजे बुधवार, दिनांक 20.2.2008 के 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

परिशिष्ट-1

नियम 295 के तहत प्राप्त विशेष उल्लेख के प्रस्ताव

(जिन्हें पढ़ा हुआ माना गया)

नैनवां (बून्दी) स्थित हाट बाजार की भूमि तथा निर्मित कमरों एवं प्लेटफार्म की देखभाल कृषि उपज मण्डी समिति बून्दी द्वारा कराये जाने बाबत

श्री रामनारायण मीणा (नैनवां) : अध्यक्ष महोदय, बून्दी जिले के उपखण्ड मुख्यालय नैनवां में देई रोड़ पर पूर्व से निर्मित हाट बाजार की उचित देखभाल कृषि उपज मण्डी समिति बून्दी द्वारा नहीं करने से उसका निर्माण खतम होता जा रहा है। चूंकि अब गौण मण्डी देई को कृषि उपज मण्डी समिति का पूर्ण दर्जा प्रदान करने की घोषणा की जा चुकी है तथा उक्त हाट बाजार भी इसके अधीन आ गया है, अत: हाट बाजार का पुर्ननिर्माण करवाया जाकर यहां उपलब्ध भूमि का सीमाबन्दी दीवार बनाई जाकर अतिक्रमण को रोका जाकर इसकी समुचित देखभाल कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है।

अत: अनुरोध है कि क्षतिग्रस्त होते जा रहे नैनवां स्थित हाट बाजार के निर्माण तथा वहां स्थित सम्पूर्ण हाट बाजार की भूमि की समुचित देखभाल का कार्य कृषि उपज मण्डी, देई के जिम्मे किए जाने एवं इसे गौण मण्डी यार्ड की हैसियत से विकसित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराये जाने की कृपा करें।

शेरगढ़ की जल योजनाओं हेतु बजट का आबंटन

श्री बाबूसिंह राठौड़ (शेरगढ़) : अध्यक्ष महोदय, उपरोक्त विषयान्तर्गत सादर निवेदन है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र में दिनांक 13.5.2007 को गांव सेतरावा में आयोजित महासभा में माननीय मुख्य मंत्री महोदया द्वारा जलदाय विभाग से संबंधित निम्न घोषणाएं की गई थी :-

आर.जी.एल.सी.आर.डी. 159.50 जल योजना खुड़ियाला, जीयाबेरी, आगोलाई, बालेसर तथा आर.जी.एल.सी. 134 देवानिया, नाथड़ाऊ, शेरगढ़, चाबा दोनों जल योजनाएं एक वर्ष में पूरी कर हिमालय का पानी शुरू कर दिया जायेगा। माननीय मुख्य मंत्री महोदया द्वारा की गई घोषणा को करीब 8 माह व्यतीत हो गया है, परन्तु इन योजनाओं के द्वितीय चरण का काम शुरू नहीं हुआ है।

(श्री बाबूसिंह राठौड़)

1. आर.जी.एल.सी.आर.डी. 159.50 जल योजना खुड़ियाला, जीयाबेरी, आगोलाई, बालेसर के अन्तर्गत फिल्टर प्लांट का कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त योजना तहसील शेरगढ़ के समस्याग्रस्त 77 गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने वित्त समिति की 174वीं बैठक में रुपये 74.38 करोड़ की स्वीकृति की गई। आगोलाई सेक्शन में कई गांवों में पानी बिलकुल भी नहीं जा रहा है तथा कई गांवों में बहुत ही कम जा रहा है। इसलिये इन गांवों में अतिशीघ्र पेयजल सुविधा हेतु निर्मित फिल्टर प्लान्ट के पास स्वीकृत योजनानुसार पम्प हाउस जीयाबेरी, ढ़ाढणिया सांसण तक स्वीकृत पाईप लाईन करीबन 40 कि.मी. डाल दी जावे तो इसके अगले गांवों में वर्तमान सिस्टम से वर्तमान मांग अनुसार पानी उपलब्ध कराया जा सकता है। अत: अविलम्ब इस योजना हेतु 20 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध करवाने की कृपा करावें।
2. जल योजना आर.पी.एल.सी. 134 देवानिया, नाथडाऊ, 54 मील शेरगढ़, चाबा जिसमें शेरगढ़ तहसील के 264 गांवों में हिमालय का पानी उपलब्ध करवाने हेतु वित्त समिति की 178वी बैठक दिनांक 11.10.2007 को रुपये 234.46 करोड़ की स्वीकृति हुई। इस योजना के अन्तर्गत फिल्टर प्लान्ट का कार्य अगले दो माह में पूर्व होने की पूर्ण सम्भावना है। योजना में प्रस्तावित अधिकांश: गांवों में पानी की भयंकर समस्या है इनको तत्कालिक रुप से नहर का पानी उपलब्ध करवाने के लिये यदि स्वीकृत योजनानुसार देवानिया फिल्टर प्लान्ट के पास पम्प हाउस बनाकर तथा फिल्टर प्लान्ट के आस-पास के गांवों, 54 मील, पुंगलिया तथा दासानिया गांवों तक पाईप लाईन लगभग 70 कि.मी. तक लगा दी जावें तो प्रभावित गांव में वर्तमान आवश्यकतानुसार समस्या कुछ हद तक पूरी की जा सकती है। इसके लिये 70.00 करोड़ का बजट आवंटित करवाने की कृपा करावें।

अत: आपसे अनुरोध है कि उक्त दोनों जल योजनाओं हेतु कुल रुपये 90 करोड़ रुपये (20 करोड़+70 करोड़) का बजट अविलम्ब आवंटन करवाने का श्रम करावें।

परबतसर विधान सभा क्षेत्र मुख्यालय पर नया पुलिस उपाधीक्षक का कार्यालय स्थापित करने के संबंध में

श्री राकेश मेघवाल (परबतसर) : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान विधान सभा के प्रकिया एवं कार्य संचालन नियम 295 के अन्तर्गत विशेष उल्लेख प्रस्ताव के माध्यम

(श्री राकेश मेघवाल)

से यह निवेदन करना चाहूंगा कि मेरे विधान सभा क्षेत्र जो कि पूर्व में नागौर जिले का सबसे बड़ा उपखण्ड रह चुका है, जिसमें परबतसर, मकराना व नांवा विधानसभा क्षेत्र आते थे। अब नावां, मकराना को अलग से उपखण्ड बना दिया गया है, एवं उक्त दोनों उपखण्ड मुख्यालयों पर पुलिस उप अधीक्षक का पद सृजित है। जबकि परतबतसर विधान सभा क्षेत्र जो क्षेत्रफल की दृष्टि से भी बड़ा है जिसके अन्तर्गत परपतसर थाना, पीलवा थाना व गच्छीपुरा थाना तथा बिदियाद पुलिस चौकी एवं बडू पुलिस चौकी लगती है। परबतसर शहर में अंग्रेजों के जमाने का कारागृह है। परबतसर शहर में ए.सी.जी.एम. कोर्ट, ए.डी.जे. कोर्ट तथा ए.डी.जे. (फास्टट्रेक) कोर्ट भी स्थित है। परबतसर बस स्टेण्ड पर रोजाना लगभग सौ से अधिक रोडवेज बसों को व अन्य निजी बसों का आवागमन होता जिसमें भारत के कोने-कोने से तरह-तरह के यात्री आते रहते है। परबतसर शहर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पुष्कर व अजमेर से बहुत नजदीक एवं पुष्कर की तलेटियों में 7 कि.मी. में बसे होने के कारण तथा परबतसर शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 7 से जुडे होने के कारण इस विधान सभा क्षेत्र में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों से तरह-तरह के लोगों का व सैकड़ों वाहनों, ट्रकों का प्रतिदिन आवागमन रहता है। जिससे इस क्षेत्र में अपराधों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

राज्य सरकार द्वारा इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुये पूर्व निर्मित सब जेल के स्थान पर जिला मुख्यालय के बाद वर्तमान में 2 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से उस कारागृह के लिये विशाल भवन का निर्माण परबतसर में ही करवाया है।

पूर्व में मकराना का उपअधीक्षक कार्यालय परबतसर उपखण्ड में ही था लेकिन इसको मकराना स्थानान्तरित कर दिया गया। वतर्मान में परबतसर उपखण्ड में ही उपअधीक्षक कार्यालय की महति आवश्यकता महसूस की जा रही है।

अत: इस सदन के माध्यम से अनुरोध है कि परबतसर उपखण्ड मुख्यालय पर नया पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय खुलवाने की स्वीकृति प्रदान करवाकर अनुग्रहित करें।

सीकर की पंचायत समिति फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़ एवं धोद में शीत लहर के प्रकोप से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने विषयक

श्री केसरदेव बाबर (लक्ष्मणगढ़) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 295 के तहत मैं राज्य सरकार एवं

(श्री केसरदेव बाबर)

कृषि मंत्रीजी का ध्यान सीकर जिले की फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़ एवं धोद पंचायत समिति में शीतलहर के प्रकोप से हुए नुकसान की ओर आकृष्ट करते हुए निवेदन करता हूं कि गत दिनों से निरन्तर शीतलहर का जो प्रकोप काश्तकारों पर कहर बरपा गया, उससे सबसे अधिक पीड़ति लघु एवं मध्यम वर्ग का काश्तकार हुआ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारी अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान होते हुए भी किसान, जो भगवान तो नहीं है, परंतु मेरा मानना है कि भगवान से कम भी नहीं है, प्रकृति की मार सदियों से झेलता आ रहा है और सरकारें उसके राहत के नाम पर कुछ विशेष दे पाने में असमर्थ ही रहती आई हैं। किसान हम सबके लिए अन्न पैदा करता है जो मनुष्य के साथ-साथ समस्त प्राणियों के जीवन यापन का माध्यम है और जब किसान ही खतरे में पड़ जायेगा तो समस्त प्राणी संकटग्रस्त हो जायेंगे।

माह जनवरी के अंतिम सप्ताह एवं फरवरी के पहले पखवाड़े में जो शीतलहर सीकर जिले में चली उससे किसानों ने जो जौ अपने खेतों में बोया हुआ था उसकी बालें वहीं की वहीं रुक गई, आगे नहीं बढ़ पाई। इसके साथ ही सरसों जिन काश्तकारों ने बोयी हैं उस सरसों की फली के अंदर दाना जो था वह पानी-पानी हो गया और वह पकने योग्य नहीं रही। इसी प्रकार चने की टाट चली गई जिसके कारण अब चने का बीज नहीं लग सकता और फल नहीं बन पायेगा। इसके कारण काश्तकार वर्ग गहरा हताश और निराश है। मैं राज्य सरकार से पुरजोर शब्दों में मांग करता हूं कि जिला सीकर की पंचायत समिति फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़ एवं धोद में शीतलहर के प्रकोप से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए गिरदावरी करवाई जाए, साथ ही गिरदावरी काश्तकार की मौजूदगी में हो, रिपोर्ट पर उसके स्वयं के या उसके प्रतिनिधि के हस्ताक्षर हों ताकि जो पटवारी तथा गिरदावर घर बैठे रिपोर्ट तैयार करते हैं, वह उनकी मनमर्जी नहीं चल पाये। इस प्रकार से गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करवा कर काश्तकारों को हुए नुकसान का समुचित आंकलन कर उनको पर्याप्त मुआवजा राशि दिलाई जाये। इसके साथ ही ही निवेदन है कि जिला सीकर में पानी दो सौ ढाई सौ फीट नीचे गहरा है इससे काश्तकारों का बिजली का बिल भी अधिक आता है, ऐसी स्थिति में कम से कम छह माह का बिजली का बिल भी काश्तकारो का माफ किया जावे एवं मीटर्ड विद्युत कनेक्शन की दर भी कम की जाए।

मैं पुन: राज्य सरकार से मांग करता हूं कि शीतलहर से हुए प्रकोप का मुआवजा पर्याप्त मात्रा में दिलाया जावे एवं बिजली के छह माह के बिलों के भुगतान से माफी दिलाई जावे।

पीपल्दा के कस्बे खातोली में नायब तहसीलदार कार्यालय खोलने बाबत

श्री प्रभुलाल वर्मा (पीपल्दा) : अध्यक्ष महोदय, मेरे विधान सभा क्षेत्र में तहसील हैड क्वार्टर पीपल्दा है जो तहसील पीपल्दा के ग्राम बागली, रामपुरिया धाबाई, जटवाडी, जटवाडा, बालूपा, छापोल, देलोद, गोठडा, उदयभानपुरा, नयागांव, ढीबरी चम्बल, ठीकरदा, गुडला आदि करीब 20 ग्राम तहसील पीपल्दा से करीब 30 से 50 कि.मी दूरी पर है। इन ग्रामवासियों को तहसील कार्य से 30 से 50 कि.मी. दूरी पर आना पड़ता है। उक्त 20 ग्रामों में से 15 ग्राम ऐसे है, जहां कमाई का कोई जरिया नहीं है सिंचाई के साधन भी उपलब्ध नहीं है, अत्यन्त गरीब लोग इन ग्रामों में निवास करते है तथा आवागमन के साधन भी समय पर उपलब्ध नहीं होते। इन गरीबों के पास बस के किराये के पैसे भी नहीं होते है। इधर उधर करके प्रातः 7:00 बजे चलकर तहसील हैड क्वार्टर पीपल्दा पहुंचने में 5 घंटे लग जाते हैं और जब तहसील पहुंचते है तो पता चलता है आज तहसीलदार साहब कोटा या मीटिंग से अन्य काम से गए हुये है तो दूर दराज गांव से आये निराश होकर देर रात्रि को घर पहुंच पाते हैं यदि तहसीलदार साहब का सायं तक इन्तजार करें तो इन्हें पीपल्दा में रहना पड़ता है क्योंकि शाम होने के बाद उन ग्रामों में वापस जाने का कोई साधन नहीं है।

ऐसी स्थिति में गरीब किसान भूखे-प्यासे रात्रि विश्राम पीपल्दा में करते है और अनावश्यक खर्चा हो जाता है। मेरे विधान सभा क्षेत्र में यह 18 वां क्षेत्र कहलाता है। यह क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस क्षेत्र की जनता ने पंचायती राज चुनावों में पंच से लेकर जिला प्रमुख तक भाजपा के चुने है इनके विकास की अभी तक किसी भी सरकार ने नहीं सोची है। उक्त ग्रामों को भाजपा की सरकार से उम्मीद है और आशा करते हैं कि इनके विकास की गंगा भाजपा सरकार ही बहायेगी। इनकी भी मांग है कि पीपल्दा से 25 कि.मी. दूर खातोली कस्बा है जहां तक आने के साधन भी उपलब्ध हो जाते है, नायब तहसील खोलने की कृपा करावें जिससे कि उक्त ग्रामीणों को राहत मिलेगी एवं अनावश्यक खर्चे बचेंगे।

अतः महोदया से मेरा निवेदन है कि उक्त परेशानी को ध्यान में रखते हुए मेरे विधान सभा क्षेत्र के कस्बा खातोली में नायब तहसील कार्यालय खोलने की कृपा करावें।

पीपल्दा के कस्बे खातोली में नायब तहसीलदार कार्यालय खोलने बाबत

श्री प्रभुलाल वर्मा (पीपल्दा) : अध्यक्ष महोदय, मेरे विधान सभा क्षेत्र में तहसील हैड क्वार्टर पीपल्दा है जो तहसील पीपल्दा के ग्राम बागली, रामपुरिया धाबाई, जटवाडी, जटवाडा, बालूपा, छापोल, देलोद, गोठडा, उदयभानपुरा, नयागांव, ढीबरी चम्बल, ठीकरदा, गुडला आदि करीब 20 ग्राम तहसील पीपल्दा से करीब 30 से 50 कि.मी दूरी पर है। इन ग्रामवासियों को तहसील कार्य से 30 से 50 कि.मी. दूरी पर आना पड़ता है। उक्त 20 ग्रामों में से 15 ग्राम ऐसे है, जहां कमाई का कोई जरिया नहीं है सिंचाई के साधन भी उपलब्ध नहीं है, अत्यन्त गरीब लोग इन ग्रामों में निवास करते है तथा आवागमन के साधन भी समय पर उपलब्ध नहीं होते। इन गरीबों के पास बस के किराये के पैसे भी नहीं होते है। इधर उधर करके प्रात: 7:00 बजे चलकर तहसील हैड क्वार्टर पीपल्दा पहुंचने में 5 घंटे लग जाते हैं और जब तहसील पहुंचते है तो पता चलता है आज तहसीलदार साहब कोटा या मीटिंग से अन्य काम से गए हुये है तो दूर दराज गांव से आये निराश होकर देर रात्रि को घर पहुंच पाते हैं यदि तहसीलदार साहब का सायं तक इन्तजार करें तो इन्हें पीपल्दा में रहना पड़ता है क्योंकि शाम होने के बाद उन ग्रामों में वापस जाने का कोई साधन नहीं है।

ऐसी स्थिति में गरीब किसान भूखे-प्यासे रात्रि विश्राम पीपल्दा में करते है और अनावश्यक खर्चा हो जाता है। मेरे विधान सभा क्षेत्र में यह 18 वां क्षेत्र कहलाता है। यह क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस क्षेत्र की जनता ने पंचायती राज चुनावों में पंच से लेकर जिला प्रमुख तक भाजपा के चुने है इनके विकास की अभी तक किसी भी सरकार ने नहीं सोची है। उक्त ग्रामों को भाजपा की सरकार से उम्मीद है और आशा करते हैं कि इनके विकास की गंगा भाजपा सरकार ही बहायेगी। इनकी भी मांग है कि पीपल्दा से 25 कि.मी. दूर खातोली कस्बा है जहां तक आने के साधन भी उपलब्ध हो जाते है, नायब तहसील खोलने की कृपा करावें जिससे कि उक्त ग्रामीणों को राहत मिलेगी एवं अनावश्यक खर्चे बचेंगे।

अत: महोदया से मेरा निवेदन है कि उक्त परेशानी को ध्यान में रखते हुए मेरे विधान सभा क्षेत्र के कस्बा खातोली में नायब तहसील कार्यालय खोलने की कृपा करावें।